विद्या भारती

# संकुल संवाद

अगस्त 2025
श्रावण-भाद्रपद
विक्रमी संवत 2082

"सा विद्या या विमुक्तये"




# SMF-SESQ सॉफ्टवेयर 2.0 अखिल भारतीय कार्यशाला

## विशेष

- प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की अ. भा. कार्यशाला
- विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र की प्रतिनिधि सभा सम्पन्न
- विद्या भारती विज्ञान केंद्र, हैदराबाद में छात्रावास भवनों का लोकार्पण
- देश के दुर्गम संवेदनशील क्षेत्र लेह में छात्रावास का शिलान्यास
- नेपाली भाषा मान्यता दिवस
- आदर्श डिफेन्स एवं स्पोर्ट्स एकेडमी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण
- विद्या भारती विदर्भ की सरस्वती शिक्षा यात्रा-2025
- सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र को मिलेगा गैलेंट्री अवॉर्ड










# प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की अखिल भारतीय कार्यशाला






## विद्यालय में बनाएं बाल परामर्श केन्द्र

जबलपुर (मध्य प्रदेश) । विद्या भारती की शैक्षिक समूह प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की अखिल भारतीय कार्यशाला 30 अगस्त से 01 सितम्बर तक जबलपुर (म.प्र.) में आयोजित की गई।

कार्यशाला में आयोजित कुल 13 शैक्षिक सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनुपालन, 21वीं सदी के कौशल, पंचपदी पाठयोजना, पंचमुखी एवं समग्र विकास, बाल एवं किशोर मनोविज्ञान, व्यक्तित्व विकास, विद्या भारती का लक्ष्य, कक्षा प्रबंधन, शिक्षक दैनन्दिनी, शिक्षण सहायक सामग्री, गतिविधि एवं प्रयोग आधारित अधिगम, पोर्टफोलियो निर्माण, मूल्यांकन पद्धति तथा कापी निरीक्षण जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

कार्यशाला के अंत में आगामी शैक्षिक सत्र हेतु कार्ययोजना निर्धारित की गई और यह संकल्प लिया गया कि विद्या भारती विद्यालयों में शिक्षा को और अधिक सृजनात्मक, व्यवहारिक तथा मूल्यनिष्ठ बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे। श्रीराम अरावकर जी (सह संगठन मंत्री) ने परिषदों के गठन, कार्य, महत्त्व एवं वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र स्तर पर कार्यशाला की सूचना केंद्र को दी जाए और कार्यशाला मे अखिल भारतीय टोली से एक सदस्य सम्मिलित होगा। क्षेत्र स्तर पर परिषद गठन, विषय विशेषज्ञ आमंत्रित करना, टोली में शैक्षिक सामग्री भेजना और मोबाइल फोन का सीमित उपयोग करने को कहा गया।

विद्या भारती के राष्ट्रीय महामंत्री देशराज शर्मा जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार "विद्यालय की संरचना" एवं 21वीं सदी में कौशल विकास पर प्रकाश डाला और कहा कि विचार, भावनाएं एवं व्यवहार और अधिगम पद्धति के अध्ययन के लिए बाल मनोविज्ञान है। विषमताओं की पहचान करना एवं निराकरण करना भी बाल मनोविज्ञान है। जन्म से 17 वर्ष की आयु तक बाल मनोविज्ञान के अन्तर्गत आता है। शिक्षा का वातावरण निर्माण करने में मनोविज्ञान आवश्यक है। बच्चे की रूचि, संस्कृति, प्रवृत्ति के अनुसार ही बालक के व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है। बाल अवस्था में बच्चे अपने बड़ों का अनुकरण करते हैं। बालक को आदर्श बनाने की योजना बनानी चाहिए। सकारात्मक सोच हेतु वातावरण का निर्माण करना है। विद्यालय में बाल परामर्श केन्द्र बनाना चाहिए जिससे वहां बालकों का आकलन किया जा सके। बच्चों को पशु, पौधों से बात करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से शिव प्रसाद जी (राष्ट्रीय मंत्री), देवकीनंदन चौरसिया जी (अखिल भारतीय सदस्य प्रशिक्षण टोली), अमित जी दवे (प्रान्त संगठन मंत्री) महाकौशल, पूर्व माध्यमिक शिक्षा के अखिल भारतीय संयोजक सुरेंद्र कुमार जी जैन आदि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राजीव गुप्ता जी ने सेकेंडरी और सुरेन्द्र कुमार जी जैन ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक समूह में कक्षा प्रबंधन के साथ समूह चर्चा, प्रयोग प्रदर्शन, प्रोजेक्ट पद्धति का उपयोग कर बाल केन्द्रित शिक्षण अधिगम पर बल दिया।




आगे जारी...

**शैक्षिक परिषद् का कार्य शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाना**
कार्यशाला से विजन प्राप्त होता है। उस विजन के अनुसार अपने क्षेत्र में एक वर्षीय, दो वर्षीय तथा त्रिवर्षीय योजना बनाएं। प्रत्येक प्रांत में पूर्णकालिक शैक्षिक प्रमुखों से विचार विमर्श करें। बच्चों को सीखने की गति बढ़े। शिक्षा क्षेत्र में हम अग्रणी हों। इस प्रकार का विजन लेकर शैक्षिक परिषद चले। हमारा कार्य ही शिक्षा जगत को प्रभावित करेगा। शैक्षिक परिषद का कार्य शैक्षिक गुणवत्ता बढाना है। इसके लिए परिषद में सदस्य बढ़ाने होंगे। शैक्षिक परिषद के संयोजक, सहसंयोजक शैक्षिक गुणवत्ता के लिए विचार करें। हमें कुछ डिजिटल एप्प जैसे TARA, AL से सीखना। शैक्षिक परिषद द्वारा एक केन्द्रीय व्यवस्था बने जो सभी क्षेत्रों में प्रसारित हो। हमारे पुस्तकालय में प्रचुर मात्रा में पुस्तकें हों। कक्षा 9-12 तक के संयोजकों की CBSE/NCERT में सहभागिता हो। इस कार्यशाला में देश के 9 क्षेत्रों (पश्चिम एवं दक्षिण क्षेत्र को छोड़कर) एवं विभिन्न प्रान्तों से कुल 35 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें तीनों समूहों के क्षेत्र संयोजक एवं सह संयोजक 30, अखिल भारतीय संयोजक 2, विषय प्रभारी 2 एवं एक विषय प्रस्तोता सम्मिलित थे।

# SMF-SESQ सॉफ्टवेयर 2.0 अखिल भारतीय कार्यशाला







भोपाल | विद्या भारती मानक परिषद द्वारा दो दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला, अक्षरा-विद्या भारती मध्यक्षेत्र, भोपाल में आयोजित की गई। कार्यशाला में क्षेत्र संयोजक एवं प्रांत संयोजक कुल 33 संख्या उपस्थित रही। इस कार्यशाला में मूल्यांकन एवं असेसमेंट के नए मॉड्यूल SESQ 2.0 पर चर्चा की गई। कार्यशाला के उद्घाटन में विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कान्हेरे, अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत और विषय विशेषज्ञ श्री केदार तापीकर, पुणे से उपस्थित रहे।

नए मॉड्यूल के माध्यम से स्कूल असेसमेंट, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के मूल्यांकन की नई पद्धति पर चर्चा की गई।

विद्याभारती मानक परिषद की अखिल भारतीय कार्यशाला के समापन अवसर पर अखिल भारतीय अध्यक्ष- श्री रविंद्र कान्हेरे, अखिल भारतीय संगठनमंत्री - श्री गोबिन्द चंद्र महंत, विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री-श्री निखिलेश महेश्वरी एवं वरिष्ठ प्रचारक - श्री शशिकांत फड़के उपस्थित रहे।

श्री केदार तापीकर (मास्टर ट्रेनर, पुणे) द्वारा आगामी असेसमेंट एवं न्यू सॉफ्टवेयर के कार्य तथा विद्यालयों के बिगनिंग लेबल का असेसमेंट ऑनलाइन (न्यू सॉफ्टवेयर 2.0) के माध्यम से कैसे होगा? इस पर दो दिवस प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यशाला की भूमिका श्री राकेश शर्मा (संयोजक, विद्या भारती मानक परिषद् भोपाल) ने रखी। सॉफ्टवेयर 2.0 कैसे कार्य करेगा? क्या पद्धति रहेगी? तथा न्यू सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण कैसे प्राप्त होगा? भूमिका में इस पर विस्तृत रूप से वर्णन किया।

कार्यशाला में श्री राजकुमार कौरव (कार्यालय प्रमुख, विद्या भारती मानक परिषद् भोपाल ) द्वारा सभी गणमान्य पदाधिकारी एवं 11 क्षेत्रो से क्षेत्र प्रमुख तथा प्रान्त प्रमुख विद्या भारती मानक परिषद् आदि महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र की प्रतिनिधि सभा सम्पन्न

दक्षिण मध्य क्षेत्र-आंध्र प्रदेश प्रांत




ओंगोल (आंध्र प्रदेश) | विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र की प्रतिनिधि सभा आंध्र केसरी विद्या केंद्र परिसर, ओंगोल ज़िले में सम्पन्न हुई। इसमें कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों से 100 से अधिक शिक्षाविद्, विशेषज्ञ एवं प्रबंध समिति के सदस्य सम्मिलित हुए।

सभा में मूल्य-आधारित शिक्षा को सभी स्तरों पर प्रभावी ढंग से लागू करने के विषय पर चरणबद्ध चर्चाएँ हुईं।

इस अवसर पर क्षेत्र अध्यक्ष डॉ. चामर्ति उमा महेश्वर राव (पूर्व मुख्य सचिव, आईएएस, सेवानिवृत्त) ने कहा कि समाज के सकारात्मक पहलुओं को शिक्षा के माध्यम से सभी स्तरों तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ पश्चिमी देशों की दूषित प्रवृत्तियाँ अब हमारे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश कर रही हैं। असफल रही आर्थिक नीतियाँ शिक्षा व्यवस्था का दुरुपयोग कर रही हैं, जिनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीयता और शुद्ध मूल्य प्रणाली को शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से आगे ले जाना चाहिए।

अखिल भारतीय प्रचार प्रभारी- श्री सुधाकर रेड्डी ने कहा कि समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना चाहिए तथा उच्च स्तरीय चर्चाओं के निष्कर्षों को जमीनी स्तर तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आह्वान किया कि भारतीय मूल्यों को गाँव से लेकर नगरों तक प्रभावशाली ढंग से पहुँचाया जाए तथा समाज को भ्रमित करने वाले कथनों से सतर्क रहा जाए। कार्यक्रम में क्षेत्र कार्य सचिव श्री अयाचितुल लक्ष्मणराव ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। तीनों तेलुगु राज्यों के अध्यक्ष, सचिव, संगठन सचिव और शैक्षिक प्रमुख उपस्थित रहे। क्षेत्र प्रशिक्षण प्रमुख श्री रावला सूर्यनारायण जी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।



# विद्या भारती विज्ञान केंद्र में छात्रावास भवनों का लोकार्पण

दक्षिण मध्य क्षेत्र-तेलंगाना प्रांत







हैदराबाद | श्री सरस्वती विद्यापीठम् (विद्या भारती, तेलंगाना) के अंतर्गत संचालित विद्या भारती विज्ञान केंद्र, नादरगुल में सीबीएसई पूर्ण पाठ्यक्रम के साथ बालक छात्रावास भवनों का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री किशन रेड्डी, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. उमा महेश्वर राव (आईएएस, सेवानिवृत्त), क्षेत्रीय संगठन सचिव श्री सुधाकर रेड्डी, आर.एस.एस. तेलंगाना संघचालक श्री सुंदर रेड्डी, तथा स्कूल इवनिंग काउंसिल के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प उत्तर प्रदेश क्षेत्र- मेरठ प्रांत

# प्रशिक्षण विभाग की अखिल भारतीय बैठक






गाजियाबाद । दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरूनगर, गाजियाबाद में 20-21 अगस्त 2025 को प्रशिक्षण विषय की अखिल भारतीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में देशभर में चले प्रशिक्षण वर्गों का वृत रखा गया और आगामी प्रशिक्षण वर्गों के पाठ्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। प्रशिक्षण निर्देशिका के पुनर्लेखन की योजना भी बनी। इस अवसर पर विद्या भारती के संगठन मंत्री गोबिन्द चंद्र महंत जी, प्रशिक्षण विषय के अखिल भारतीय प्रमुख ए लक्ष्मण राव जी, अखिल भारतीय संयोजक अशोक पांडा जी, सह संयोजक राममनोहर जी, सहसंयोजक रावला सूर्यनारायण जी आदि उपस्थित रहे।

पूर्व क्षेत्र-ओडिशा प्रांत

# शैक्षिक संगोष्ठी





कटक । विद्या भारती पूर्व क्षेत्र के तत्वावधान में ओडिशा के कटक स्थित केशव धाम में 17 अगस्त को शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती के साथ समविचार संगठन चिन्मय मिशन, शोभनीय आंदोलन, रामकृष्ण मिशन, श्री अरविंद इंटेग्रल एजुकेशन, प्रज्ञा मिशन एवं भारत सेवाश्रम आदि 7 प्रमुख शैक्षिक संगठनों के प्रमुख नेतृत्व ने भाग लिया। कोलकाता के रामकृष्ण मिशन के सेक्रेटरी स्वामी शुकदेवानंद जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोबिन्द चंद्र महंत ने प्रस्तावना रखने के साथ सभी संगठनों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को लेकर सुझाव रखने को कहा।



इस दौरान एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विचार साझा करने एवं अगली बैठक में कुछ नई योजना के साथ काम करने की सहमति बनी। इस दौरान मूल्य आधारित शिक्षा, समग्र शिक्षा, अनुभवयुक्त शिक्षा आदि पर चर्चा हुई। विद्या भारती पूर्व क्षेत्र के मंत्री डॉ. लक्ष्मीकान्त महाराणा ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

शिक्षक दिवस पर विशेष

# विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद का प्रेरणादायी प्रयास

## शिष्यों ने अपने शिक्षकों को कर दिया अमर, गुरु के नाम पर शुरू की छात्रवृत्ति और बनवाई लैब



स्व. श्री दीनानाथ बत्रा
(3 मार्च 1930 - 7 नवंबर 2024)

श्री दीनानाथ बत्रा एक भारतीय शिक्षाविद् थे, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित स्कूल नेटवर्क, विद्या भारती के महासचिव थे। उन्होंने शैक्षिक कार्यकर्ता संगठन शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की भी स्थापना की।





स्व. श्री बृज लाल
(1936 - 29 जनवरी 2020)

### गणित शिक्षक श्री बृज लाल की रौबदार एक आवाज सुन कमरों में भी सीधे व शांत होकर बैठ जाते थे सभी बच्चे...

वर्ष 2019 के पद्मश्री (चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) के लिए नामांकित श्री बृज लाल, एसएमबी गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे रोड, कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र थे और वहीं के पूर्व शिक्षक भी रहे। एक शिक्षक और स्कूल प्रधानाचार्य के रूप में उनके 58 वर्षों के शानदार करियर में, कई प्रसिद्ध हस्तियों को उनसे शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला।

कुरुक्षेत्र | श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (एसएमबी) के पूर्व छात्रों ने अपने दो शिक्षकों को अमर कर दिया है। इन छात्रों ने गणित शिक्षक श्री बृज लाल जी के नाम पर एक गणित लैब की स्थापना की है, जिसमें विद्यार्थी पिछले दो वर्षों से अभ्यास कर रहे हैं। इसके साथ ही, अंग्रेजी विषय के शिक्षक श्री दीनानाथ बत्रा के नाम से इंग्लिश लैब बनाने की योजना भी बनाई जा रही है। इसके अलावा श्री दीनानाथ बत्रा के नाम पर एक छात्रवृत्ति शुरू करने की योजना भी है। भले ही ये दोनों शिक्षक अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन इन पहलों के माध्यम से उनका नाम सदैव के लिए अमर हो गया है। इन शिक्षकों की सख्ती और अनुशासन ने छात्रों को ऐसे संस्कार दिए हैं कि कई पूर्व छात्र आज देश और विदेशों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। कुरुक्षेत्र की धरती पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ने 1946 में इस विद्यालय का शिलान्यास किया था।

श्री दीनानाथ बत्रा यात्रा 1964 से 1991 तक इस विद्यालय में पहले शिक्षक और फिर प्राचार्य रहे। गणित शिक्षक श्री बृज लाल भी पढ़ाई के मामले में कड़े थे, और उनके छात्रों का मानना है कि उनकी सख्ती ही उनकी सफलता का मुख्य कारण है।

### दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्रित



श्री संजय चौधरी

विद्याभारती पूर्व छात्र परिषद के उत्तर क्षेत्र प्रभारी संजय चौधरी ने बताया कि श्री दीनानाथ बत्रा का अनुशासन आज भी उनके छात्रों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। उनके नाम पर छात्रवृत्ति शुरू करने की योजना है, जिसके लिए दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की जा चुकी है। इस छात्रवृत्ति की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे उनका नाम सदैव जीवित रहेगा।

### हमेशा रहेगा उन शिक्षकों का नाम



डॉ. पंकज शर्मा

विद्याभारती पूर्व छात्र परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. पंकज शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास है कि उनके शिक्षकों का नाम हमेशा जीवित रहे। उन्होंने जो अनु - शासन और संस्कार दिए हैं, वे नई पीढ़ी तक पहुंचने चाहिए। गणित शिक्षक श्री बृज लाल के प्रति छात्रों का इतना लगाव था कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें एक नई कार भेंट की गई थी। इसके अलावा, परिषद ने अपने शिक्षक श्री कुलभूषण कालड़ा के निधन के बाद उनके परिवार का सहारा बनते मकान बनवाया और उनके

# पंचपदी कार्यशाला का आयोजन

प उत्तर प्रदेश क्षेत्र- मेरठ प्रांत




गाजियाबाद | विद्या भारती की पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र एवं उत्तर क्षेत्र की सम्मिलित कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद में आयोजित की गई। कार्यशाला में अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत, महामंत्री श्री देशराज शर्मा, पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री श्री डोमेश्वर, मंत्री श्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, मेरठ प्रांत के संगठन मंत्री श्री प्रदीप गुप्ता आदि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यशाला में पंचपदी अधिगम पद्धति, विषय के प्रशिक्षकों के साथ दोनों क्षेत्रों से 32 वरिष्ठ प्रशिक्षक/प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# खेलों से जोड़ा आत्मीय रिश्ता, MLA पाटिल जी ने खेली कबड्डी

तेलंगाना | दक्षिण मध्य क्षेत्र तेलंगाना के भैंसा कस्बा में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधि (MLA श्री पावर रामा राव पाटिल) ने औपचारिकता छोड़कर बच्चों के साथ कबड्डी खेली।

दक्षिण मध्य क्षेत्र-तेलंगाना प्रांत





# भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास की वार्षिक साधारण सभा

मध्य प्रदेश | विद्या भारती से संबद्ध भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र गोविंद नगर, नर्मदापुरम मध्य प्रदेश में किया गया। यह न्यास, कृषि विज्ञान केंद्र भी संचालित करता है जो पर्यावरण संरक्षण और रसायन-मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। न्यास की ओर से ग्राम ज्ञानपीठ, सरस्वती ग्रामोदय उ.मा. विद्यालय, आदर्श शिशु वाटिका और सैनिक विद्यालय का संचालन भी किया जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र प्रचारक रहे सामाजिक कार्यकर्ता श्री भाऊसाहब भुस्कुटे की स्मृति में स्थापित यह न्यास आसपास के ग्रामों में 15 संस्कार केंद्र, नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, लोक कला प्रशिक्षण, जैविक कृषि संबंधी वैज्ञानिक प्रशिक्षण, परामर्श आदि का आयोजन भी करता है। बैठक में विद्या भारती के अ.भा. सह संगठन मंत्री श्रीराम आरावकर जी, न्यास के अध्यक्ष डॉ. अतुल सेठा जी आदि उपस्थित रहे।




मध्य क्षेत्र-मध्य प्रदेश प्रांत



# प्रश्न निर्माण कार्यशाला

प उत्तर प्रदेश क्षेत्र- मेरठ प्रांत

मेरठ । अखिल भारतीय विज्ञान मेला के लिए प्रश्न निर्माण कार्यशाला 2 से 4 अगस्त 2025 तक बालेराम बृजभूषण सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्रीनगर मेरठ में आयोजित की गई। इसमें विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष रविंद्र कान्हेरे जी, अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत जी, अखिल भारतीय मंत्री डॉ. कमल किशोर सिन्हा जी, अखिल भारतीय विज्ञान संयोजक नगेन्द्र पाण्डेय जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू जी, प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता जी, मेरठ संभाग निरीक्षक जगवीर शर्मा जी और क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक आदि उपस्थित रहे। बाल वर्ग के प्रश्न निर्माण के लिए 4 आचार्य, किशोर वर्ग के लिए 4, तरुण वर्ग के लिए 10 आचार्य उपस्थित रहे। कार्यशाला की व्यवस्था प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा जी ने की।





# नेपाली भाषा मान्यता दिवस

पूर्व क्षेत्र-सिक्किम प्रांत




सिक्किम | विद्या भारती सिक्किम प्रान्त अन्तर्गत विद्यालयों में नेपाली भाषा मान्यता दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मातृभाषा का सम्मान, प्रयोग, संरक्षण-संवर्द्धन एवं प्रचार-प्रसार आदि पर चर्चा की गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगितात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विद्या भारती अपनी कार्य पद्धति से भाषा-साहित्य, संस्कृति, संस्कार, परम्परा एवं मान्यताओं को बचाए रखने और प्रोत्साहित करने का कार्य करती है। सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करना, सिखाना, संरक्षण-संवर्द्धन करना, विकास एवं व्यवहार के लिए प्रयास करने का कार्य विद्या भारती करती है।

# स्वर्ण जयन्ती वर्ष समारोह, सिलीगुड़ी

पूर्व क्षेत्र-पश्चिम बंगाल प्रांत









सिलीगुड़ी | विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान पूर्वोत्तर, पूर्व क्षेत्र का पहला शिशु मन्दिर शारदा शिशु तीर्थ, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी मे प्रारम्भ हुआ था। आज पूरे क्षेत्र मे 2500 से ज्यादा सरस्वती शिशु मन्दिर अलग - अलग प्रान्त मे संचालन हो रहे है।

विद्या भारती उत्तर बंग प्रान्त अन्तर्गत सिलीगुड़ी, सूर्यसेन इस शारदा शिशु तीर्थ के 50 वर्ष के उपलक्ष्य मे वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस स्वर्ण जयन्ती वर्ष का समापन समारोह 5-7 सितम्बर 2025 को भव्य कार्यक्रम द्वारा सम्पन्न हुआ।

# देश के दुर्गम क्षेत्र लेह में छात्रावास भवन का शिलान्यास

लेह (लद्दाख)







लेह (लद्दाख़) | शिलान्यास- सीमांत एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी विद्या भारती द्वारा शिक्षा के लिये प्रयत्न किये जा रहे हैं। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री श्री देशराज शर्मा और संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत ने देश के दुर्गम संवेदनशील क्षेत्र लेह (लद्दाख़) में 100 बच्चों के लिए छात्रावास भवन का शिलान्यास किया। अत्यंत ठंडे (-15 डिग्री सेल्सियस तापमान तक) व ऊंचे निवास क्षेत्र में से एक, जहां कार्य करना कठिन चुनौती है, वहां विद्या भारती शिक्षा की अलख जगा रही है। 11500 फुट की ऊंचाई पर देश के सबसे कम आबादी का जिला केंद्र लेह लद्दाख, पाकिस्तान, चीन तथा अफगानिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ा है। इस छात्रावास भवन के लिए दिल्ली के एक भामाशाह ने अपना योगदान किया है।

# संघटन, संस्कार और शिक्षा का जीवंत अनुभव

## विद्या भारती विदर्भ की सरस्वती शिक्षा यात्रा-2025

पश्चिमी क्षेत्र-विदर्भ प्रांत



विदर्भ | विद्या भारती विदर्भ प्रांत की ओर से “सरस्वती शिक्षा यात्रा” सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा में विदर्भ प्रांत के 12 शिक्षा संस्थानों के अध्यक्ष, सचिव, प्रधानाचार्य, आचार्य एवं विद्या भारती से जुड़े 37 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस प्रतिनिधिमंडल ने मध्यभारत प्रांत में विद्या भारती द्वारा संचालित महत्त्वपूर्ण शैक्षिक का प्रत्यक्ष अध्ययन करते हुए वहां की व्यवस्थाओं, विशेषताओं, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रबंधन प्रणाली और सामाजिक सरोकारों को समझने का प्रयास किया। यात्रा का आरंभ बैतूल स्थित भारत भारती प्रकल्प से हुआ जहां गुरुकुल परंपरा एवं आधुनिक शैक्षिक दृष्टिकोण का समन्वय नजर आया। इसके पश्चात चिचोट (छिपानेर) स्थित वैदिक विद्यापीठम् में वैदिक अध्ययन, तपश्चर्या और अनुशासन ने सभी को प्रभावित किया। भोपाल स्थित शारदा विहार एवं शारदा प्रकाशन ने राष्ट्रनिर्माण के उद्देश्य से चल रहे बालक-बालिकाओं के समन्वित शिक्षण व साहित्य सेवा कार्यों की प्रेरणा दी।
अंतिम पड़ाव गोविंद नगर स्थित आदर्श शिशु वाटिका एवं सैनिक स्कूल रहा, जहाँ देशभक्ति, अनुशासन एवं समर्पित जीवन पद्धति के माध्यम से छात्र-छात्राओं के निर्माण की अद्भुत प्रक्रिया का अनुभव हुआ। यह अध्ययन यात्रा विद्या भारती विदर्भ एवं देवगिरी प्रांत के संगठन मंत्री शैलेश जी जोशी एवं यात्रा संयोजक प्रांत सहमंत्री समीर जी थोडगे के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।
यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष अवनीश जी भटनागर, मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश जी माहेश्वरी, सह संगठन मंत्री अनिल जी अग्रवाल, जनजातीय शिक्षा के अखिल भारतीय सह संयोजक बुधपाल सिंह जी और भाऊसाहेब भुस्कुटे लोक न्यास समिति के प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र गुर्जर जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ।
इस यात्रा ने कार्यकर्ताओं के मन में शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण की भूमिका को और भी सुदृढ़ किया है।

# आदर्श डिफेन्स एवं स्पोर्ट्स एकेडमी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

जोधपुर | जोधपुर के लालसागर स्थित आर. के. दम्मानी राष्ट्रीय पुनरुत्थान एवं शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत स्थापित “आदर्श डिफेन्स एवं स्पोर्ट्स एकेडमी” के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण मा. श्री राजनाथ सिंह जी (रक्षा मंत्री, भारत सरकार), मा. श्री गजेंद्र सिंह शेखावत (संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री), भारत सरकार, मा. श्री आर. के. दम्मानी जी (उद्योगपति) ने किया। इस अवसर पर श्री यतीन्द्र शर्मा (सह संगठन मंत्री विद्या भारती) और डॉ. निर्मल गहलोत (अध्यक्ष, लालसागर परियोजना समिति), जोधपुर आदि उपस्थित रहे। श्री राजनाथ जी के कहा “यह एकेडमी न केवल युवाओं को रक्षा सेवाओं हेतु तैयार करने में सहायक होगी, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी नई ऊँचाइयों को छूने के लिए उन्हें सशक्त बनाएगी। राष्ट्र रक्षा और खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी”।














# संजय विद्या मंदिर की छात्राओं ने संभाला SP का कार्यभार







श्रद्धा सिंह चौहान बनीं एक दिन की एसपी ' सिटी' | शांभवी मिश्रा ने संभाला एसपी ग्रामीण का दायित्व

शाहजहाँपुर | नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक दिन का विशेष कार्यभार सौंपा गया। विद्यालय की मेधावी छात्रा श्रद्धा सिंह चौहान ने एक दिन की एस.पी. सिटी का कार्यभार संभाला। उन्होंने पीड़ित फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और न्यायपूर्ण कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उनके इस प्रयास से उपस्थित लोगों ने छात्रा की गंभीरता और नेतृत्व क्षमता की सराहना की।

इसी क्रम में छात्रा शांभवी मिश्रा ने एक दिन की एस.पी. ग्रामीण बनकर ग्रामीण अंचल से आए लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने विभिन्न जनसमस्याओं पर अधिकारियों से तुरंत और उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों और विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं के आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता की खुलकर प्रशंसा की। यह आयोजन बालिकाओं में प्रशासनिक सेवा के प्रति जागरूकता, आत्मबल और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ।

# उपलब्धियां

## सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र को मिलेगा "गैलेंट्री अवॉर्ड"



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झांसी रोड उरई, गोपालगंज, बिहार के पूर्व छात्र आदर्श गुप्ता एयरफोर्स में विंग कमांडर पद पर श्रीनगर में तैनात हैं। आपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण बहादुरी के लिए विंग कमांडर आदर्श गुप्ता को "गैलेंट्री अवॉर्ड" देने का ऐलान किया गया है।
"गैलेंट्री अवॉर्ड" की लिस्ट में आदर्श गुप्ता का नाम आठवें नंबर पर है। आदर्श गुप्ता ने कक्षा दसवीं की परीक्षा 2002 में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण की थी।

## राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे हिमांशु

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित "इंस्पायर अवार्ड मानक कार्यक्रम" के अंतर्गत 12वीं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन एससीईआरटी देहरादून में किया गया। इसमें प्रदेशभर से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया।
इस प्रतियोगिता में हरिद्वार जिले के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मायापुर के छात्र हिमांशु शुक्ला ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार अभिनव प्रोजेक्ट के माध्यम से राज्य स्तर पर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। हिमांशु राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।




# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

प्रज्ञा सदन -जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर,
नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065

www.vidyabharti.net I www.vidyabharatisamvad.com
Email : vbabss@yahoo.com I vbsamvad@gmail.com
Contact Us : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126

@VidyaBharatiIN